भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्यं सभा

24.03.2023 के

अतारांकित प्रश्नहसं. 2862 का उत्तर

सोनपुर मंडल के अंतर्गत पटोरी रेलवे स्टेशन पर रेलगाड़ियों का ठहराव

2862. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या रेलवे बोर्ड को स्थानीय जनता की मांग के अनुरूप पूर्व-मध्य रेलवे के सोनपुर मंडल के अंतर्गत पटोरी रेलवे स्टेशन पर कई और मेल और एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का ठहराव करने हेतु सुझाव प्राप्त हुए हैं;

(ख) उक्त रेलवे स्टेशन पर वर्तमान में कौन-कौन सी रेलगाड़ियां ठहरती हैं; और

(ग) क्या रेलवे जनहित को प्राथमिकता देते हुए उक्त स्टेशन पर कुछ और रेलगाड़ियों का ठहराव करने पर विचार करेगा?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्िचिानी वैष्णव)

(क): जी हाँ।

(ख) और (ग): वर्तमान में, शाहपुर पटोरी स्टेशन पर 06 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों और 05 जोड़ी पैसेंजर स्पेशल गाड़ियों द्वारा सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। वर्तमान में, शाहपुर पटोरी स्टेशन पर अतिरिक्त गाड़ियों को ठहराव प्रदान करना विचाराधीन नहीं हैं। बहरहाल, भारतीय रेलों पर गाड़ियों का ठहरा व निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है जो परिचालनिक व्यवहार्यता , वाणिज्यिक औचित्य, संसाधन उपलब्धता, यातायात मांगों आदि के अध्यधीन है। ।

******